तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज रतनलाल वगैराह बनाम जगदीश प्रसाद वगैराह मु0न0 12 / 2022	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15.02.2022	पत्रावली पेश हुई। वकील अपीलार्थी उपस्थित। अधिवक्ता अपीलांट की बहस एडमिशन एवं प्रार्थना पत्र स्थगन पर सुनी गई। अधिवक्ता अपीलार्थी की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रतित होता है कि अपीलार्थी द्वारा हस्तगत अपील तहसीलदार धोद जिला सीकर के द्वारा नामान्तकरण संख्या 1766 ग्राम सेवदबडी तहसील धोद जिला सीकर पर पारित अपीलाधीन आदेश दिनांक 24.11.2021 के विरूद्ध पेश की गई है। अपीलाधीन आदेश दिनांक 24.11.2021 के विरूद्ध प्रस्तुत अपील की सुनवाई का अधिकार इस न्यायालय को प्रदत नही है। ऐसी स्थिति में अपील पर अग्रिम कार्यवाही न्यायालय हाजा के स्तर पर संभव नही है तथा अपीलांट की अपील एडमिशन स्तर पर ही खारिज किया जाना उचित है। अतः उपरोक्त तथ्यों के परिपेक्ष्य में परिणामतः अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। यदि अपीलार्थी को कोई आपत्ति है तो वे सक्षम न्यायालय में चाराजोही करने के लिये स्वतंत्र है। अधीनस्थ न्यायालय विधिवत सूचित हो। इस न्यायालय की पत्रावली फैसल शुमार नम्बर से कम होकर बाद पूर्ति लेख भण्डार हो। 15/2/2022 (बाबूलाल गोयल) अति.संभागीय आयुक्त, जयपुर	

Scanned by CamScanner